# नशा करता है तन-मन-धन खरा, सभी मिलकर करो इसका बहिष्कार

## नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी - है जरुरी के तहत पुलिस थाना कसरावद द्वारा शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को किया जागरुक

**नवभारत न्यूज**

**कसरावद।** नशाखोरी आज समाज की एक विकराल समस्या बन गई है। नशे का बढ़ता उपभोग समाज एवं व्यक्ति के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। जिससे देश एवं प्रदेश की युवापीढ़ी पर खतरनाक प्रभाव पड़ रहा है। नशे के सेवन से शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है साथ ही अपराधों को भी बढावा देता है। नशीले पदार्थ एवं मादक दृव्य चाहे कानूनी हों या अवैध, व्यक्ति और समाज पर इसका बुरा असर पड़ रहा है।




नशाखोरी से व्यक्ति व समाज को बचाने के लिए वर्तमान में सम्पूर्ण प्रदेश में पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा नशा मुक्ति अभियान दिनांक 15 से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी पुलिस थाना कसरावद जिला खरगोन के नेतृत्व में उनि ललिता ठाकुर, उनि महेश यादव, म.आर.1033 सुनिधि, म.आर.1002 रेखा मुवेल, आर.385 मुकेश मालवीय, आर.622 मुकेश मुवेल, आर.760 हरिओम कौशिक के द्वारा दिनांक 15 एवं 16 जुलाई को थाना क्षेत्र के कन्या शाला में पढ़ने वाली बालिकाए व किशोरियों एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल स्कूल में पढने वाले बालक एवं किशोरों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में सेमीनार आयोजित किया गया जिसमें उक्त विद्यालयों के सभी छात्र - छात्राए एवं विद्यालयों का समस्त स्टॉफ शामिल रहा जिन्हें पम्पलेट वितरित कर, सजग एवं जागरुक किया साथ ही नशाखोरी से दूरी बनाने का बताया गया।

### नशे के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया

अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक जिला खरगोन धर्मराज मीणा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला खरगोन शकुंतला रुहल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को विभिन्न विभागों से सहयोग प्राप्त कर प्रत्येक दिन विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजनों को नशे के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया।

## एक नजर में

### कांग्रेस की ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल बैठक



**खरगोन।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं म.प्र. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने बेंगलुरु में आयोजित कांग्रेस ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में भाग लिया और बैठक में लिए गए प्रस्तावों को सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर बताया। यादव ने जानकारी दी कि बैठक में 25 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाले ओबीसी महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया जिसका उद्घाटन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा किया गया जाएगा एवं समापन अवसर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही देशभर के राज्यों की राजधानियों में भी ओबीसी नेताओं के साथ नियमित कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इन कार्यशालाओं में ओबीसी समुदायों के मुद्दे, अधिकार और जातिगत जनगणना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में ओबीसी समुदायों से संगठनात्मक और चुनावी दोनों स्तरों पर कांग्रेस नेतृत्व को मजबूत करने का लक्ष्य तय किया गया। इसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को सामाजिक न्याय और समावेशी विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रशिक्षण देने की योजना पर भी सहमति बनी। यादव ने आगे बताया कि कांग्रेस पार्टी सदैव वंचितों, पिछड़ों और शोषितों की आवाज रही है। ओबीसी समाज को उसका हक दिलाने के लिए कांग्रेस पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। यह महासम्मेलन और प्रस्ताव देश की राजनीति को सामाजिक न्याय के मूल आधार पर पुन: स्थापित करेंगे। ओबीसी एडवायजरी कमेटी द्वारा पारित प्रस्तावों का उद्देश्य ओबीसी समाज की भागीदारी बढ़ाना, जातिगत जनगणना की मांग को ताकत देना साथ ही नेतृत्व विकास और प्रशिक्षण तथा कांग्रेस की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना रहेगा।

### ग्रामीण विकास मंत्री पटेल का स्वागत किया



**बिस्टान निप्र।** प्रदेश सरकार के पंचायत एक ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का बिस्टान नगर आगमन पर भाजपा के कार्यकर्ता एव पदाधिकारियों ने स्वागत मंच लगाकर भव्य स्वागत किया पुष्प माला पहनाकर फूलो की वर्षा की गई मंत्री जी स्वागत से अभिभूत होकर मंत्री जी भी गर्म जोशी से कार्यकर्ताओ से मिले और हाल जाने मंत्री प्रहलाद पटेल के काफिले के काफिले में शामिल खरगोन बड़वानी सांसद गजेंद्र पटेल भी मौजूद थे सावन महीने में सुरम्य वादियों में बसे सिरवेल महादेव के दर्शन कर लोट रहे थे बताते हैं खरगोन के राधा कुंज में पंच सरपंच सम्मेलन में शामिल होंकर अध्यक्षता करेंगे इस अवसर पार्टी के सभापति प्रहलाद वास्कले, भाजपा नेत्री सुगन कौर जाधव, परिषद अध्यक्ष डेम सिंह नार्वे मंडल अध्यक्ष बंटी राठौड़, पार्षद प्रेमलाल मोरे राजेश मालवीय, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### पंचायत विभाग में पैसे की कमी नही है, आत्मनिर्भर बनें पंचायतें : मंत्री पटेल

**खरगोन।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल गुरुवार को जिले के प्रवास पर रहे। दोपहर में राधाकुंज मांगलिक परिसर में आयोजित महते पंच- सरपंच सम्मेलन में शामिल होकर उन्होंने पंच- सरपंचों से संवाद किया। मंत्री ने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि कोई भी पंचायत भवन विहिन न हो। इसके लिए 2026 तक सभी पंचायतों के खुल के भवन होने के साथ ही सभी पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ मिले। शत- प्रतिशत पौधरोपण हो। पंचायत विभाग में पैसे की कमी नही है, कमी है नैतिकता की। हम गांव के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रखकर काम करेंगे तो गांव का विकास होगा।

उन्होंने कहा कई मद में पंचायत की राशि जस की तस पड़ी है, जबकि क्षेत्र में विकास कार्यो की दरकार होती है। इस दौरान सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, राजकुमार मेव, सचिन बिरला, जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, अधिकारी- कर्मचारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्ग दर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत समूह चर्चा




**भीकनगांव।** जननायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगॉव में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत ''कॅरियर के अवसर एवं चुनौतियॉ'' विषय पर समूह चर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य लक्ष्मण डावर द्वारा अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को सफल केसे हो और आने वाली चुनौतियो से केसे निपटा जाये इस संबंध में मागदर्शन दिया। प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. दीपक बडोले द्वारा त्रैमासिक गतिविधयों एवं प्रकोष्ठ की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो.यजुवेन्द्र सिंह ने किया एवं आभार प्रो.सुरेश डोडवे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वीईआर सर्वे और पेंडिंग को लेकर की मैराथन बैठक

**नवभारत न्यूज**

**कसरावद, निप्र। वी ई आर सर्वे और ऑनलाइन ऑफ़लाइन पेंडिंग को लेकर कसरावद बीआर सी राजाराम कांदोडे ने जनपद शिक्षा केन्द्र के 15 जनशिक्षा केंद्र में मैराथन बैठक ली। बी आर सी ने बताया कि सर्वे 16 जुलाई से शुरू हुआ जिसको लेकर प्रशिक्षण दिया गया।**



साथ ही 21 जुलाई को होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बिंदु कक्षा 1. कक्षा 6 एवं कक्षा 1 से 8 में प्रवेश एवं नामांकन की समीक्षा।ड्रश्वक्र सर्वेक्षण एवं नामांकन प्रकिया पर चर्चा। सत्र 2023-24 की फीस प्रतिपूर्ति के संबंध में जिलों द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा।प्रबन्ध पोर्टल की पेंडिंग प्रविष्टि की समीक्षा।. वर्ष 2025-26 में दर्ज विद्यार्थियों की प्रोफाइल अद्यतन (कक्षा 1 से 8) एवं खाता अपडेट की समीक्षा।विद्यांजलि पोर्टल पर शाला ऑन बोर्डिंग एंव आवश्यकताओं की प्रविष्टि की समीक्षा।मिशन लाइफ, एक पेड़ मों के नाम की समीक्षा। एफएलएन अभ्यास पुस्तिका वितरण, फ?लोर गेम का कक्षाओं में उपयोग ,टेक्स्ट बुक ट्रेकिंग एप्प एण्ड एटग्रेड पुस्तक की शाला स्तर पर प्राप्ति की समीक्षा। समग्र शिक्षा अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत अक्रियाशील शौचालय मरम्मत कार्यों की समीक्षा की गई। बैठकों में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक नरेंद्र पाटीदार, परमाननद पठौते, यशवंत सिटोले,मुकेश यादव व बी ए सी अजय कर्मा अलग अलग संकुलों में बैठक कर रहे है।जनशिक्षक संतोष एस्के,प्रेमलाल बागदरे, देव हतागले, अमित दुबे, राजेश गांगले , अमित जैन, रूपेश कानूनगों सहित जनशिक्षक समीक्षा कर रहे है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना 2 .0 के 311 लाभार्थियों को आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे सांसद पटेल

**कसरावद।** शुक्रवार को खरगोन/बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा नगर परिषद प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के 311 लाभार्थियों को आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे!

इस कार्यक्रम के उपरांत माझी समाज के खरगोन रोड पर निर्मित भवन तथा नावड़ातोड़ी रोड पर निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण माननीय सांसद जी द्वारा किया जावेगा!

साथ ही कसरावद नगर के शासकीय अस्पताल परिसर में निर्मित संजीवनी क्लिनिक एवं रेन बसेरा का भी लोकार्पण सांसद जी द्वारा किया जाएगा अत: आप सभी पत्रकार साथियों से विनम्र आग्रह है कि इन कार्यक्रमों में अपनी गरिमामय उपस्थित सुनिश्चित करें।



# वल्लभ विहार के निवासियों ने पक्की सड़क के लिए नगर परिषद से लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर।** गुरुवार को नगर के वार्ड क्रमांक 4 वल्लभ विहार कॉलोनी के रहवासियों ने वर्षों से कालोनी में पक्की सड़क न होने कीचड़ और फिसलन से परेशान होकर सीएमओ प्रियंक पंडया को आवेदन सौंपा।

कॉलोनी वासियों द्वारा आवेदन में बताया गया कि कॉलोनी में वर्षों से सड़क निर्माण का कोई कार्य नहीं किया गया है बारिश के चलते कॉलोनी वासियों को वाहनों के आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से कॉलोनी की गलियों में कीचड़ और फिसलन की स्थिति निर्मित हो रही है। कॉलोनी वासियों ने जल्द सड़क बनाने की मांग की है।

इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलोनी वासियों ने नगर परिषद के अंदर इकट्ठा होकर भारत माता की जय के नारे लगाए एवं नगर की परिषद की सद्बुद्धि के लिए महिलाओं ने भजन गाए।



# नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**बिस्टान निप्र।** बन्हेर समीप वनग्राम झगड़ी के प्रसिद्ध भागवती माता मंदिर परिसर में 10 लख रुपए से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण बुधवार को सांसद गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री पटेल द्वारा अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जगत जननी मां भगवती का दर्शन लाभ लेकर क्षेत्र में सुख शांति के लिए कामना की गई। उक्त भवन बनने से माता के दर्शन करने आए श्रद्धालुओ को ठहरने, बैठने की सुविधा मिली है। क्योंकि प्रतिदिन यहां अनेकों श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। उनकी सुविधा के लिए एक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।ज्ञात रहे झगड़ी वनक्षेत्र अंतर्गत प्रारंभिक सतपुड़ा की ऊंची पहाड़ी पर स्थित प्राचीन मंदिर में श्रद्धालुओं के कल्याणार्थ अनादिकाल से मां जगदंबा भगवती विराजमान है। प्रचलित मान्यताओं के अनुसार राख के टिले के रूप में साक्षात मां शेरावाली इस स्थान पर युग-युगांतर (त्रेतायुग) से विद्यमान है। प्रतिदिन माता के दर्शनार्थ एवं मान-मन्नत लेने-देने वाले श्रद्धालुओं का यहां आना-जाना लगा रहता है।

# ऐतिहासिक जेलर निवास किया जमींदोज, नए भवन का प्रस्ताव भेजा

**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र।** अंग्रेजो के समय से चर्चित रहा मंडलेश्वर का ऐतिहासिक किला जिसे अंग्रेजो ने जेल और होलकरों ने जिला जेल बनाया था आज सब जेल के रूप में संचालित हो रहा है। यहां किले के बाहर बना जेलर निवास जर्जर होने से इसे डिस्मेंटल किया गया है।सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती श्वेता मीणा ने बताया कि यह भवन विगत 15 वर्षों से अनुपयोगी था।सेंट्रल जेल बड़वानी के निर्देश पर इसे डिस्मेंटल किया गया है।नया भवन बनाए जाने का प्रस्ताव भी भेजा दिया गया है।



**किले की मरम्मत भी आवश्यक :** मंडलेश्वर सब जेल के जेलर निवास का डिस्मेंटल हो चुका है अब नया भवन बनाने के लिए प्रशासकीय प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।लेकिन जेल जिस किले में संचालित हो रही है उस किले की हालत भी काफी जर्जर होने लगी है जिसकी मरम्मत भी होना चाहिए।नगर की धरोहर संरक्षण समिति के सचिव दुर्गेश राजदीप ने सरकार से मांग की है कि इस ऐतिहासिक दुर्ग की मरम्मत कराई जाना चाहिए।जेल के अंदर की स्थिति अच्छी है लेकिन किले की दीवारों के बाहरी हिस्से में कई स्थानों से पत्थर और ईट गिर रहे है झाड़ियां भी किले की दीवारों पर उगी है कुछ झाड़ियां पेड़ बनने लगी है जो दीवारों को गिराने की स्थिति में है बारिश के मौसम में और झाड़ियां उग आती है इसलिए इन झाड़ियों को निकलवाकर किले की दीवारों की मरम्मत कराया जाना चाहिए।

**किले का ऐतिहासिक महत्व रहा है :** मंडलेश्वर के किले का इतिहास में बड़ा महत्व रहा है। बाजीराव पेशवा द्वारा निर्मित यह छोटा लेकिन सामरिक महत्व का दुर्ग निमाड़ का प्रमुख दुर्ग रहा है यह मंडलेश्वर के जागीरदार के अधीन रहा है।1819 में महिदपुर की लड़ाई में होलकरों की पराजय के बाद यह किला अंग्रेजो के कब्जे में आ गया जहां अंग्रेजो ने अपना खजाना सुरक्षित रखा साथ ही इसे जेल के रूप में भी काम में लिया 1857 की क्रांति में इस दुर्ग ने भयानक रक्तपात देखा था। 1864 में यह क्षेत्र वापस होलकर राज्य को मिला तब यहां होलकरों ने 1890 में जिला जेल की स्थापना की थी। भारत छोड़ो आंदोलन के समय भी जिला जेल मंडलेश्वर में बंद 68 स्वाधीनता सेनानियों जेल का दरवाजा तोड़कर झंडा चौक पर तिरंगा फहराया था। आजादी के बाद नगर मध्यभारत राज्य का अंग बना तब से लेकर 1956 में मध्य प्रदेश बनने के बाद तक मंडलेश्वर का किला जिला जेल रहा आज यह सब जेल है।

# नशा मुक्ति को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान

**गोगावा, निप्र।** नशे से दूरी है जरूरी के तहत मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15से30जुलाई तक नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देश पर एडिशनल एसपी शकुंतला रुहल व एसडीओपी भिकनगाव राकेश आर्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे ने गुरुवार को नशामुक्ति अभियान चलाया जिसमे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर नशे से दूर व इससे होने वाले दुष्परिणाम ग्रामीणों को बताए और इसकी सिख दी वही उत्कृष्ट विद्यालय में भी उपनिरीक्षक रितेश तायडे ने बच्चो के बीच पहुंचकर नशे के दुष्परिणाम बताए इससे होने वाली घातक बीमारियों से भी बच्चो को अवगत करवाया तायडे ने कहा कि नशा इन चीजों से होता है जैसे कोकीन चरस अफीम गांजा शराब तंबाखू सिगरेट आदि ऐसे जानलेवा पदार्थो को सेवन करने से घातक बीमारी होती हे इसके दुष्परिणाम से कई जाने भी चली जाती है इससे हमेशा बच के रहना चाहिए।




# ठीबगांव बुजुर्ग में रोपी त्रिवेणी, की पौधरोपण शुरुआत

**खरगोन।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जिले के प्रवास के दौरान ठीबगांव बुजुर्ग में वृहद पौधरोपण की शुरुआत त्रिवेणी का रोपण कर की। इस दौरान ग्राम में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कचरा वाहन का शुभारंभ भी किया।

पंचायत सचिव हेमंत सिंह तंवर ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में 51 हजार पौधरोपण किये जाएंगे, जिसकी शुरुआत मंत्री पटेल ने की है। इसके पूर्व 50 हजार पौधे लगाए गए थे, जो कि वर्तमान में वृक्ष के रुप में तब्दील हो चुके है। इस अवसर पर सासंद गजेंद्र सिंह पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेसवार्ता में एसपी धर्मराज मीणा ने बताया

# पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर, एक हफ्ते पहले चुराए मोबाइल सहित सामान बरामद

**खरगोन।** कोतवाली क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से हो रही चोरियों के मामले में एक शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा है। अब तक करीब 13 चोरियों में गिरफ्तार हो चुके चोर से पुलिस ने जवाहर मार्ग की थोक किराणा दुकान सहित मोबाइल दुकान से चुराए लाखों रुपए मूल्य के मोबाइल बरामद किए है।

गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रुम में प्रेसवार्ता आयोजित कर एसपी धर्मराज मीना ने बताया कि 10 और 11 जुलाई की दरमियानी रात जवाहर मार्ग स्थित किराणा दुकान से तेल के 10 डिब्बे और चना दाल के 3 कट्टे चोरी हुए थे। इसके अलावा इसी क्षेत्र में अंबेडकर भवन के नजदीक संचालित हो रहे मोबाइल दुकान- सह ऑफिस से महंगे मोबाइल चोरी हुए थे। इन चोरियों के मामले में सीसीटीवी कैमरे फुटेज तलाशने के दौरान एक संदिग्ध नजर आया था, जिसको चिन्हित कर तलाश शुरु की। हुलिये और चोरों के रिकार्ड को खंगालने पर संदिग्ध को उमेश उर्फ फटफटी पिता आत्माराम यादव निवासी ग्राम सेल्दा के रुप में चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने चोरियां करना कबूल किया। उमेश की निशानदेही पर चोरी किए 62 मोबाइल जिनकी कीमत 14 लाख 36 हजार 422 रुपए आंकी गई और किराणा दुकान से चुराए तेल के डिब्बे दाल के कट्टे करीब 25 हजार 500 रुपए मूल्य के बरामद किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है।



**चोरी के आभूषणों के साथ एक गिरफ्तार**

**खरगोन।** कोतवाली पुलिस ने औरंगपुरा और गणेश विहार कॉलोनियों में हुई चोरियों का खुलासा किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने- चांदी के आभूषणों के साथ ही चोरी में इस्तेमाल की गई बाईक जब्त की है।थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने बताया कि 9 जुलाई 25 को अंकित निवासी नाग मंदिर के पास ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बाईक क्रमांक एमपी 10 एनसी 9825 पुराना पुल औरंगपूरा से चोरी हो गई है। इसके अलावा 10 जुलाई को ज्योतिराज निवासी गणेश विहार कॉलोनी ने अपने सूने मकान में घुसकर अलमारी में रखे सोने व चांदी के आभूषण व नगदी 50 हजार रुपये चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इन मामलो को गंभीरता से लेते हुए चोरों की तलाश शुरु की गई।